कोरोना से उत्तर-पूर्वी जिला सबसे ज्यादा प्रभावित

सुशील राघव
नई दिल्ली, 5 नवंबर।



केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री हर्षवर्धन ने राष्ट्रीय राजधानी के जिन छह जिलों की स्थिति पर चिंता जाहिर की है, उनमें से उत्तर-पूर्वी जिला सबसे अधिक प्रभावित है। यहां पर अब तक करीब 50 हजार कोरोना मामले सामने आ चुके हैं। पूर्वी दिल्ली जिले में वर्तमान में कोरोना विषाणु संक्रमण के सबसे अधिक 6,852 उपचाराधीन मरीज हैं। वहीं, कोरोना संक्रमण से सबसे ज्यादा 1,042 मृत्यु मध्य दिल्ली में हुई हैं, जबकि उत्तर-पूर्वी दिल्ली में मृत्यु दर सबसे अधिक तीन फीसद है। दिल्ली में फिलहाल 3,453 निषिद्ध क्षेत्र हैं।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक उत्तर दिल्ली जिले में तीन महीने के दौरान लगातार संक्रमण दर में वृद्धि हुई है। यहां 31 अगस्त को संक्रमण दर नौ फीसद, 27 सितंबर को 11.8 फीसद, 22 अक्तूबर को 12.3 फीसद और चार नवंबर को 12.9 फीसद संक्रमण दर दर्ज की गई। उत्तर-पश्चिम दिल्ली, दक्षिण-पूर्वी दिल्ली, पश्चिम दिल्ली और दक्षिण पश्चिम जिलों में पिछले महीने के मुकाबले संक्रमण दर में वृद्धि दर्ज की गई है। पूर्वी दिल्ली के अलावा उत्तर में 2741, मध्य में 2956, उत्तर-पश्चिम में 4314 और दक्षिण-पूर्व में 2814 उपचाराधीन मामले हैं।

कब कितने मामले

31 अगस्त तक 23 जून को सबसे अधिक 3,947 मामले दर्ज किए गए थे। इसके बाद दूसरे सबसे अधिक मामले 19 सितंबर को 4,701 दर्ज किए गए। अब तक के सबसे ज्यादा मामले चार नवंबर को 6,842 मामले सामने आए।

अस्पतालों में बढ़े मरीज

दिल्ली के अस्पतालों में 18 फीसद कोरोना मरीजों का इलाज चल रहा है। अक्तूबर में इनकी संख्या में इजाफा हुआ है। वहीं, 59 फीसद मरीजों का इलाज घर में एकांतवास में हो रहा है। इसके अलावा शेष मरीजों का इलाज कोविड देखभाल केंद्र और कोविड स्वास्थ्य केंद्र में हो रहा है।

दक्षिण पश्चिम में सबसे अधिक निषिद्ध क्षेत्र

दक्षिण पश्चिम जिले में सबसे अधिक 657 निषिद्ध क्षेत्र हैं। इसके बाद दक्षिण दिल्ली जिले में 631, पूर्वी दिल्ली में 398 और मध्य दिल्ली में 338 निषिद्ध क्षेत्र हैं।

आइपी ने शुरू किए तीन नए पाठ्यक्रम

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 5 नवंबर।

दिल्ली सरकार के इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय (आइपी) ने नए अकादमिक सत्र में तीन नए पाठयक्रम शुरू किए हैं। इनमें पीजी डिप्लोमा इन इंटरपन्योरशीप एड स्टार्टप, पीजी डिप्लोमा इन इक्युटी रिसर्च, पीजी डिप्लोमा इन डाटा एनालिसिस शामिल हैं। ये प्रबंधन के एक साल के पाठ्यक्रम हैं। इसके लिए आवेदन की अंतिम तारीख 22 नवंबर घोषित है।

विश्वविद्यालय के मुताबिक आवेदन की विस्तृत जानकारी विश्वविद्यालय कीवेवसाइटडब्लूडब्लूडब्लूडाटआइपीयूडाट एसीडाटइन पर ली जा सकती है।

पीसीआइ एक टीम बनाए, जो अर्नब से मिले : राकेश सिन्हा

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 5 नवंबर।

राज्यसभा सांसद राकेश सिन्हा ने रिपब्लिक टीवी के प्रधान संपादक अर्नब गोस्वामी की गिरफ्तारी को सरकार की राज्य शक्ति का नंगा प्रदर्शन करार दिया है। सांसद ने भारतीय प्रेस परिषद (पीसीआइ)से मांग की है कि वह इस संबंध में एक आपात बैठक बुला कर एक टीम बनाए, जो अर्नब से मिले। इस संबंध में सिन्हा ने पीसीआइ के अध्यक्ष को एक पत्र लिखा है।

सांसद ने पत्र में लिखा कि महाराष्ट्र पुलिस की यह कार्रवाई प्रेस की स्वतंत्रता पर कुठाराघात है। जिस प्रकार अर्नब गोस्वामी को उनके घर से गिरफ्तार किया गया, वह राज्य की शक्ति का नंगा प्रदर्शन है। इस फासीवादी कार्रवाई की पीसीआइ को भर्त्सना करनी चाहिए। बलपूर्वक पत्रकारों की आवाज को दबाना भारतीय लोकतंत्र के लिए गंभीर खतरा है। लोकतंत्र के चौथे खंभे के लिए रिपोर्ट और विश्लेषण की पत्रकारिता स्वतंत्रता बेहद जरूरी है। उन्होंने इस मामले पर पीसीआइ से आपात बैठक बुलाने और एक टीम गठित करने की मांग की है। यह टीम अर्नब से मिले। पत्रकारिता और पत्रकारों की स्वतंत्रता और सुरक्षा पीसीआइ का नैतिक और संवैधानिक दायित्व है।

24 घंटे में कोरोना के 6715 नए मामले, 66 मौत

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 5 नवंबर।

दिल्ली में पिछले 24 घंटे में कोरोना के 6715 नए मामले सामने आए और 66 मरीजों की मौत हो गई है। बुधवार को 6842 नए मामले और मंगलवार को 6725 मामले दर्ज किए गए थे।

हालांकि लगातार सामने आ रहे मामलों के लिए दिल्ली सरकार विभिन्न इलाकों में की जा रही सघन कोरोना जांच को बड़ी वजह बता रही है। गुरुवार को दिल्ली में 52294 लोगों की कोरोना जांच की गई थी। राजधानी में मृत्यु दर 0.80 फीसद और संक्रमण की दर 12.84 तक पहुंच गई है। गुरुवार को 5289 मरीज ठीक होकर अपने घरों को लौटे हैं।

दिल्ली में अब तक 49,32,727 लोगों की कोरोना जांच की जा चुकी है। पिछले 24 घंटे में 36,590 रैपिड एंटीजन जांच व 15,704 आरटीपीसीआर जांच की गई है। इस समय दिल्ली के अस्पताल में 7231, कोविड केयर सेंटर में 1028 और कोविड हेल्थ सेंटर में 344 मरीज का इलाज किया जा रहा है। नए मामले सामने आने के बाद सक्रिय मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ी है और गुरुवार को यह आंकड़ा बढ़कर 38729 हो गया है।

इस समय दिल्ली में 23411 मरीजों का इलाज घर में एकांतवास में किया जा रहा है। नए मामले आने के बाद इलाकों को भी तेजी से सील किया गया है और इस समय दिल्ली में कुल 3684 सील क्षेत्र हैं।

अर्नब गोस्वामी मामले को लेकर विद्यार्थी परिषद का महाराष्ट्र सदन के बाहर प्रदर्शन

नई दिल्ली, 5 नवंबर। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने पत्रकार अर्नब गोस्वामी के साथ हुई पुलिसिया ज्यादती के खिलाफ गुरुवार को दिल्ली स्थित महाराष्ट्र सदन के बाहर प्रदर्शन किया। महाराष्ट्र सरकार पर तीखा हमला करते हुए इस कार्रवाई को लोकतांत्रिक आवाजों को दबाने का कुत्सित प्रयास बताया।

मीडिया के खिलाफ हो रहे लगातार हमलों के खिलाफ छात्रों ने अपनी आवाज बुलंद की। इस प्रदर्शन में लगभग सौ से अधिक छात्र शामिल हुए। इससे पहले अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के नेतृत्व में बुधवार शाम छात्रों ने दिल्ली विश्वविद्यालय व जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय में महाराष्ट्र सरकार का पुतला दहन किया था।

महाराष्ट्र सदन के पास परिषद की राष्ट्रीय महामंत्री निधि त्रिपाठी ने कहा कि महाराष्ट्र में लोकतांत्रिक मूल्यों को वर्तमान राज्य सरकार ने ताक पर रख दिया है। बीते कुछ महीनों में विभिन्न विषयों पर आमजनों द्वारा सोशल मीडिया पर जो समस्याएं रखते हुए सरकार की आलोचना की गई थी, उन पर व्यक्तिगत खुन्नस खाकर महाराष्ट्र में कई मुकदमे दर्ज कराने के मामले सामने आए हैं। यह महाराष्ट्र सरकार की बढ़ती असहिष्णुता को दिखाता है। (**जनसत्ता संवाददाता**)

निगम कर्मचारियों को सितंबर माह का वेतन जारी

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 5 नवंबर।

हिंदू राव अस्पताल के कर्मचारियों को दिल्ली नगर निगम ने सितंबर माह का वेतन जारी कर दिया। गुरुवार को महापौर जय प्रकाश ने यह जानकारी दी। वे पूर्व प्रदेश अध्यक्ष विजय गोयल व पूर्व महापौर अवतार सिंह के साथ अस्पताल कर्मचारियों से मुलाकात के लिए धरनास्थल पर पहुंचे थे। धरना स्थल पर 6 अस्पतालों के नर्सिंग स्टाफ द्वारा पिछले कई दिनों से वेतन की समस्या को लेकर हड़ताल हैं।

विजय गोयल ने कहा कि दिल्ली सरकार इस मामले में राजनीति कर रही है। कोरोना के समय में हिंदूराव अस्पताल जो पहले ही कोविड 19 के उपचार का केंद्र बना हुआ है, उसके डाक्टर्स और नर्सिंग स्टाफ को भी उन्होंने हड़ताल करने के लिए मजबूर कर दिया था। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार ने दिल्ली नगर निगम को जो बकाया 13,000 करोड़ रुपए देने है, वह नहीं दे रही। उन्होंने कहा कि इस पूरे मामले में दिल्ली सरकार लगातार झूठ बोल रही है कि निगम को भी उनका कुछ पैसा देना है। गोयल ने कहा कि इससे पहले भी दिल्ली विधानसभा और दिल्ली नगर निगम में अलग-अलग पार्टियों की सत्ता रही है, पर इतनी ज्यादा राजनीति इससे पहले कभी किसी मुख्यमंत्री ने नहीं की।

पानी की बर्बादी करने वालों के खिलाफ होगी कार्रवाई : चड्ढा

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 5 नवंबर।

दिल्ली में पानी की बर्बादी करने वालों के खिलाफ कार्रवाई होगी। इसके साथ ही पानी के अवैध कनेक्शन करने वालों के खिलाफ सख्ती करते हुए कार्रवाई की जाएगी। दिल्ली जल बोर्ड के उपाध्यक्ष राघव चड्ढा ने गुरुवार को इस बाबत अधिकारियों को कड़ी कार्रवाई करने के आदेश दिए। उन्होंने कहा कि सीवरों में कचरा डालने का दोषी पाए जाने पर सख्त और त्वरित कार्रवाई भी की जाए ताकि नालों की सफाई टिक सके।

राघव चड्ढा ने अधिकारियों के साथ बैठक में कहा, जल बोर्ड अब पानी की बर्बादी या अवैध कनेक्शन बर्दाश्त नहीं करेगा। राघव ने कहा कि ऐसा इसलिए क्योंकि पूरे समाज को एक या दो लोगों की गलतियों का खामियाजा भुगतना पड़ता है। उन्होंने कहा कि पानी की बर्बादी न करने के लिए पहले एक महीने जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। अवैध कनेक्शन, पानी की बर्बादी करने या सीवर लाइनों में कचरा डालने के खिलाफ भी कड़े कदम उठाए जाएंगे।

उपाध्यक्ष चड्ढा ने कहा कि यह भी पाया गया है कि घरेलू जरूरतों के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला पानी गैर-घरेलू कामों के लिए उपयोग किया जाता है। इस तरह के अपराध के लिए दोषी पाए जाने पर मौके पर ही चालान करने को कहा गया है। उन्होंने कहा कि जल बोर्ड के अधिकारी समय-समय पर जांच व निरीक्षण कर कार्रवाई करें।

RAJKOT RAJPATH LTD. (RRL)
(A Wholly Owned Subsidiary of Rajkot Municipal Corporation)
3rd Floor, Multi Activity Center, Nana Mava Chowk,
150 Ft Ring Road, Rajkot-360005 (Gujarat)

RAJPATH BUS RAPID TRANSIT SYSTEM RAJKOT

REQUEST FOR PROPOSAL (RFP) FOR SELECTION OF BUS OPERATOR FOR PROCUREMENT, OPERATION AND MAINTENANCE OF 100 NOS. OF MIDI AC FULLY BUILT PURE ELECTRIC BUSES ON GROSS COST CONTRACT BASIS (UNDER FAME-II)

RRL invites Bids from duly qualified interested parties for Procurement, Operation and Maintenance of Operator owned 100 nos of Midi, 900 mm floor height Electric AC Buses for RMTS (City Bus) Operations in Rajkot City. Interested parties may download RFP from website https://rmc.nprocure.com from 06/11/2020. Pre-bid queries to be submitted on or before dt 21/11/2020 at 11.00 AM. Last date of online submission of technical and price bids shall be 01/12/2020 by 6:00 PM. Offline submissions of Technical Bid, RFP Fee and EMD shall be made up to 04/12/2020. Technical Bids shall be opened on dt 05/12/2020 at 11:00 AM at above address.

(Sd./-) Chairman, Rajkot Rajpath Ltd & Commissioner, Rajkot Municipal Corporation

YES BANK
प्रंजीकृत एवं कार्पोरेट कार्यालयः येस बैंक टॉवर, आईएफसी 2, 15वां तल, सेनापति बापत मार्ग, एलफिंस्टोन (पश्चिम), मुंबई–400013

शुद्धिपत्र

खाता **मेसर्स दौलत राम झरिया मल** में वसूली राशि और तारीख के संबंध में फाईनेंशियल एक्सप्रेस और जनसत्ता में दिनांक **24.10.2020** को प्रकाशित बिक्री सूचना के संबंध में निम्नवत् पढ़ें:

दिनांक 30 सितंबर, 2020 को रु. 4,61,07,158/– (समये चार करोड़ इकसठ लाख सात हजार एक सौ अठावन मात्र) इस पर दिनांक **01 अक्टूबर, 2020** से आगे की ब्याज, लागतों, प्रभारों और व्ययों की वसूली अन्य सभी विवरण, निबंधन व शर्तें यथावत् रहेंगे।

धन्यवाद,
हिते येस बैंक लिमिटेड
रोहित निझावन (प्राधिकृत अधिकारी) उपाध्यक्ष
5ए/15, तिलक नगर, निकट सुभाष नगर, मेट्रो स्टेशन, दिल्ली:110018, फोन– +91 9350741339/ 011–40154020, 21

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया Union Bank of India आन्ध्रा Andhra कार्पोरेशन Corporation

एम–93, क्लॉट सर्कस, नई दिल्ली–110001

नियम–8(1) के अन्तर्गत कब्जा सूचना (अचल सम्पत्ति हेतु)

जबकि अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियो के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित अधिनियम 2002 (2002 का 54) के प्रवर्तन के अधीन **यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, एसएएमबी शाखा, एम–93, क्लॉट सर्कस, नई दिल्ली–110001 (इंडिया)** का प्राधिकृत अधिकारी होने तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियो के अंतर्गत **कर्जदार/गारंटर्स/बंधककर्ता मैसर्स सान्को इंडस्ट्रीज़ लि., श्री संजय गुप्ता, श्री सिद्धांत गुप्ता, श्रीमती रीता गुप्ता, श्री ओ.पी. गुप्ता, श्रीमती मान्सी गुप्ता, संजय गुप्ता (एचयूएफ) और श्रीमती शकुंतला गुप्ता को एक मांग सूचना SMEG/NPA/19-20/230 दिनांक 09.07.2019 को जारी किया था जिसमें सूचना मे उल्लेखित राशि रू 34,91,07,985.48 (रु. चौतीस करोड इक्यान्वे लाख सात हजार नौ सौ पिचासी और पैसे अडतालीस मात्र) दिनांक 01.07.2019 से संविदात्मक दर पर भविष्य का ब्याज इत्यादि सहित** उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर प्रति भुगतान करने को कहा गया था।

उधारकर्ता और गारंटर उक्त राशि का भुगतान करने में असफल हो गये हैं इसलिये एतद्द्वारा उधारकर्ता तथा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने सुरक्षा हित प्रवर्तन नियम, 2002 के नियम 8 साथ पठित अधिनियम की धारा 13 की उप–धारा (4) के तहत प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में नीचे वर्णित संपत्ति पर कब्जा दिनांक 03.11.2020 को ले लिया है।

विशेष रूप से ऋणधारक/गारंटर तथा जनसाधारण को एतद्द्वारा उक्त संपत्तियो के साथ लेन–देन न करने के लिए सावधान किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी लेन **यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, के प्रभार वास्ते रू 34,91,07,985.48 (रु. चौतीस करोड इक्यान्वे लाख सात हजार नौ सौ पिचासी और पैसे अडतालीस मात्र) दिनांक 01.07.2019 से संविदात्मक दर पर भविष्य का ब्याज इत्यादि सहित होगा।**

उधारकर्ता का ध्यान एक्ट की धारा 13 की उप धारा (8), के प्रावधानों के अंतर्गत सुरक्षित परिसंपत्तियों के मुक्त करने हेतु उपलब्ध समय सीमा की ओर आकर्षित किया जाता है।

अचल/बंधक संपत्ति(यों) का विवरण

(1) सम्पत्ति का वह समस्त भाग एवं अंश जोकि सम्पत्ति नं. 51, ब्लॉक–9, सम्पत्ति नं. 9/51, क्षेत्रफल 120 वर्ग गज, खसरा नं. 2383/1849/69, 3760/2382/1849/69/1 में से, भूतल पर एक हॉल की सीढ़ी और प्रथम तल पर एक हॉल की सीढ़ी, गाँव कडकडडूमा, बाजार गली की आबादी, विश्वास नगर, इलाका शाहदरा, दिल्ली–110032 में स्थित, चौहद्दी : उत्तर में – 20फीट गली, दक्षिण में – 30फीट रोड, पूरब में – अन्य की सम्पत्ति, पश्चिम में – अन्य की सम्पत्ति

(2) सम्पत्ति का वह समस्त भाग एवं अंश जोकि सम्पत्ति रिहायशी प्लॉट नं. 56, ब्लॉक नं. सी, बेसमेंट, भूतल और (सीढ़ी और लिफ्ट क्षेत्र को छोड़कर) प्रथम तल, दिल्ली स्कूल टीचर को–ओप. हाउस बिल्डिंग सोसायटी लि. के लेआउट प्लान के अंतर्गत, जिसे अब सूरजमल विहार कहते है गाँव कडकडडूमा क्षेत्र में, दिल्ली–110092 में स्थित, क्षेत्रफल 161.65 वर्ग मी. या लगभग, चौहद्दी : उत्तर में – प्लॉट नं. 57, दक्षिण में – प्लॉट नं. 55, पूरब में – सर्विस लेन, पश्चिम में – 30' चौडी रोड

(3) सम्पत्ति का वह समस्त भाग एवं अंश जोकि सम्पत्ति डी–161, भूमि क्षेत्रफल 126.83 वर्ग मी. या 151.69 वर्ग गज, इसकी सभी संरचनाओं के साथ जो भी निर्माणित है, कनेक्शन के साथ, सम्पूर्ण प्रथम तल, द्वितीय तल और तृतीय तल, छत के अधिकार, दिल्ली स्कूल टीचर को–ओप. हाउस बिल्डिंग सोसायटी लि. के लेआउट प्लान के अंतर्गत, जिसे अब सूरजमल विहार कहते है, गाँव कडकडडूमा क्षेत्र में, बनाम शाहदरा, दिल्ली–110092 में स्थित, चौहद्दी : उत्तर में – सर्विस लेन, दक्षिण में – 150फीट चौडी रोड, पूरब में – प्लॉट नं. डी–160, पश्चिम में – प्लॉट नं. डी–162

दिनांक : 03.11.2020, स्थान : दिल्ली — प्राधिकृत अधिकारी, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया,

SpiceJet
SpiceJet Limited
CIN: L51909DL1984PLC288239
Regd. Office: Indira Gandhi International Airport, Terminal 1D, New Delhi -110 037
Website: www.spicejet.com; email: investors@spicejet.com;
T: +91 124 3913939; F: +91 124 3913844

NOTICE

Notice is hereby given pursuant to Regulation 47(1) of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015 that a Meeting of the Board of Directors of the Company will be held on Wednesday, the 11th day of November, 2020 to consider and approve, inter-alia, the unaudited standalone and consolidated financial results of the Company for the second quarter ended September 30, 2020.

The notice to the stock exchange communicating the above is available on the website of the stock exchange where the shares of the Company are listed viz. www.bseindia.com and on the Company's website viz. www.spicejet.com.

For SpiceJet Limited
Sd/-
Chandan Sand
Sr. VP (Legal) & Company Secretary

Date : November 5, 2020
Place : Gurugram

CSL Finance Limited
Regd. Office: 410-412, 18/12, 4th Floor, W.E.A, Arya Samaj Road, Karol Bagh, New Delhi-110005
Corp. Office: 716-717, 7th Floor, Tower- B, World Trade Tower, Sector-16, Noida, U.P.-201301
(**CIN:** L74899DL1992PLC051462;
Tel: 0120-4290650; **Email:** info@cslfinance.in;
Web: www.cslfinance.in)

NOTICE

Pursuant to the Regulation 29 read with Regulation 47 of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, Notice is hereby given that the meeting of the Board of Directors of the Company will be held on Thursday, 12th November, 2020, at the corporate office of the company i.e. 716-717, 7th Floor, Tower B, World Trade Tower, Sector 16, Noida, U.P. – 201301, at 12.30 p.m. inter-alia to consider and approve the Unaudited Financial Results of the Company for the quarter & half year ended 30.09.2020.

The said notice is also available on the website of the Company i.e. www.cslfinance.in and on the website of Stock Exchange i.e. www.bseindia.com.

By order of the Board
Sd/-
(Rohit Gupta)
Managing Director

Date : 05.11.2020
Place : New Delhi

प्ररुप संख्या आईएनसी–25ए
पब्लिक कंपनी से प्राइवेट कंपनी में संपरिवर्तन के लिए समाचार पत्र में प्रकाशित किया जाने वाला विज्ञापन

क्षेत्रीय निदेशक, कार्पोरेट कार्य मंत्रालय, उत्तरी क्षेत्र के समक्ष, नई दिल्ली
कंपनी अधिनियम, 2013, कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 14 और कंपनी (निगमन) नियम, 2014 के नियम 41
के मामले में
और
मैसर्स उपवन बिल्डर्स लिमिटेड
(CIN: U45201HR1989PLC089882)
जिसका पंजीकृत कार्यालय: **फ्लैट नंबर 107, वसंत अपार्टमेंट, श्याम स्वीट्स के सामने, गुड़गांव –122001, हरियाणा** में स्थित है, के मामले में,

.....आवेदक

आम जनता को सूचना दी जाती है कि कंपनी को संपरिवर्तन का अधिकार देने के लिए दिनांक **बुधवार, 14 अक्टूबर 2020** को आयोजित असाधारण आम बैठक में पारित विशेष प्रस्ताव के अनुसार प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में संपरिवर्तन करने की इच्छा रखने वाली कंपनी ने पूर्वोक्त नियमों के साथ पठित कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 14 के अधीन केंद्र सरकार को आवेदन किया है।

कंपनी के प्रस्तावित परिवर्तन के कारण, यदि किसी व्यक्ति का हित प्रभावित होने की संभावना है, तो वह व्यक्ति, इसका कारण देते हुए आपत्ति हलफनामा में उल्लेख करते हुए, जिसमें उनके हित/विपक्ष के आधार हों, इस सूचना के छपने के चौदह दिनों के भीतर **क्षेत्रीय निदेशक, उत्तरी क्षेत्र, कार्पोरेट कार्य मंत्रालय, बी–2 विंग, दूसरा तल, पंडित दीन दयाल अंत्योदय भवन, सीजीओ कॉम्पलेक्स, नई दिल्ली– 110003** को पंजीकृत डाक द्वारा प्रेषित करें तथा इसकी एक कॉपी आवेदक कंपनी को पंजीकृत पते पर **फ्लैट नंबर 107, वसंत अपार्टमेंट, श्याम स्वीट्स के सामने, गुड़गांव –122001, हरियाणा** में भी भेज दे।

कृते **मैसर्स उपवन बिल्डर्स लिमिटेड**
हस्ता/–
विरेंद्र कुमार जैन
(निदेशक)
DIN:03197073

तिथि: 06.11.2020
स्थान: गुडगांव

RattanIndia Power Limited
Extract from the Unaudited Consolidated Financial Results for the Quarter and Half Year Ended 30 September 2020
(Rs. in Crore)

Sr. No	Particulars	Quarter Ended			Half Year Ended		Year Ended
		30.09.2020 (Unaudited)	30.06.2020 (Unaudited)	30.09.2019 (Unaudited)	30.09.2020 (Unaudited)	30.09.2019 (Unaudited)	31.03.2020 (Audited)
1	Total income from operations	198.13	195.74	546.91	393.87	1,107.76	1,773.88
2	Net Loss for the period (before tax, exceptional and/ or extraordinary items)	(461.27)	(450.78)	(492.83)	(912.05)	(980.89)	(2,502.26)
3	Net (Loss)/ profit for the period before tax (after exceptional and/ or extraordinary items)	(461.27)	(450.78)	(492.83)	(912.05)	(980.89)	165.15
4	Net (Loss)/ profit for the period after tax (after exceptional and/ or extraordinary items)	(461.27)	(450.78)	(492.83)	(912.05)	(980.89)	165.15
5	Total comprehensive (Loss)/income for the period [Comprising profit/ (loss) for the period after tax and other comprehensive income (net of tax)]	(455.31)	(450.74)	(501.26)	(906.05)	(987.06)	154.64
6	Paid-up equity share capital (Face Value of Rs. 10 per Equity Share)	4,939.78	4,939.78	2,952.93	4,939.78	2,952.93	4,939.78
7	Other Equity (excluding revaluation reserve) as shown in the audited balance sheet of the previous year						(4,510.23)
8	Earnings Per Share before extraordinary items (Face Value of Rs. 10 per Equity Share)						
	- Basic (Rs.)	(0.94)*	(0.91)*	(1.67)*	(1.85)*	(3.32)*	0.49
	- Diluted (Rs.)	(0.94)*	(0.91)*	(1.67)*	(1.85)*	(3.32)*	0.46
	*(EPS for the quarter and half year ended are not annualised)						

Notes:

(a) Additional information on standalone financial results is as follows:

Sr. No	Particulars	Quarter Ended			Half Year Ended		Year Ended
		30.09.2020 (Unaudited)	30.06.2020 (Unaudited)	30.09.2019 (Unaudited)	30.09.2020 (Unaudited)	30.09.2019 (Unaudited)	31.03.2020 (Audited)
1	Total income from operations	198.13	195.74	546.91	393.87	1,107.76	1,773.88
2	Net Profit/ (loss) for the period (before tax, exceptional and/or extraordinary items)	0.27	(0.03)	(73.17)	0.24	(156.05)	(768.70)
3	Net Profit/ (loss) profit for the period before tax (after exceptional and/or extraordinary items)	0.27	(0.03)	(73.17)	0.24	(156.05)	1,898.71
4	Total comprehensive income/(loss) for the period [Comprising profit/(loss) for the period after tax and other comprehensive income (net of tax)]	0.61	0.01	(72.87)	0.62	(155.75)	1,899.12

(b) The above is an extract of the unaudited financial results for the quarter and half year ended 30 September 2020 filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the unaudited financial results are available on the company's website www.rattanindia.com and on the Stock Exchanges website at www.bseindia.com and www.nseindia.com.

c) **The Auditor's in their Review Report on the standalone financial statement for the period ended 30 September, 2020 have brought out that:** the Company has a non-current investment of Rs. 1,513.13 crores (net of impairment provision) and inter corporate deposits (classified under current assets) of Rs. 25 crores recoverable from Sinnar Thermal Power Limited (formerly RattanIndia Nasik Power Limited) (STPL), a wholly owned subsidiary of the Company, as at 30 September 2020. The subsidiary company has incurred losses since its inception and is yet to commence operations. The accumulated losses in the subsidiary company amount to Rs. 6,284.59 crores as at 30 September 2020, and the management of the subsidiary company had determined that a material uncertainty exists as at 30 September 2020, that may cast significant doubt about the subsidiary company's ability to continue as a going concern. The management of the Company, based on an internal estimate, has recorded an impairment of Rs. 1,513.13 crores against carrying value of investment in STPL in prior year. In the absence of evidence for such impairment assessment performed by the management, we are unable to obtain sufficient appropriate evidence to comment on any adjustment that may further be required to be made to the balance carrying value of the above mentioned non-current investment of Rs. 1,513.13 crores and inter corporate deposits of Rs. 25 crores as at 30 September 2020 and the consequential impact thereof on the accompanying standalone financial results.

Registered Office : A-49, Ground Floor, Road No. 4, Mahipalpur, New Delhi-110037
CIN: L40102DL2007PLC169082

On behalf of the Board of Directors
For **RattanIndia Power Limited**

Place: New Delhi
Date : 05 November 2020

Jeevagan Narayana Swami Nadar
Director

इंडियन बैंक Indian Bank इलाहाबाद ALLAHABAD

कॉर्पोरेट कार्यालय :
254–260, अव्वै षण्मुगम सालै,
रायपेट्टा, चेन्नै – 600 014

असाधारण आम बैठक एवं ई–मतदान की सूचना

सूचित किया जाता है कि निम्नांकित कारोबार के संचालन हेतु इंडियन बैंक के शेयरधारकों की **असाधारण आम बैठक** सोमवार, **30 नवंबर 2020 को पूर्वाह्न 11.00 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग(वीसी)/अन्य ऑडियो विजुअल साधन (ओएवीएम) के माध्यम से** आयोजित की जाएगी :

1. बैंक के शेयर प्रीमियम खाते से संचित हानि का विनियोजन।
2. बैंक के शेयरधारकों के बीच केंद्र सरकार के अतिरिक्त से एक निदेशक का निर्वाचन

कॉर्पोरेट कार्यालय, 254–260, अव्वै षण्मुगम सालै, रायपेट्टा, चेन्नै – 600 014 को असाधारण आम बैठक का स्थान माना जाएगा

निदेशक मंडल के आदेश से
पद्मजा चुन्डूरू
प्रबन्ध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी

स्थान : चेन्नै
दिनांक : 02.11.2020

टिप्पणियाँ :

1. बैंक के शेयर प्रीमियम खाते से संचित हानि के विनियोजन से संबंधित कार्यसूची मद संख्या 1 के लिए शेयरधारकों/लाभकारी स्वामी के मतदान अधिकार का निर्धारण **23.11.2020** (अंतिम तारीख) को एवं शेयरधारक निदेशक के निर्वाचन संबंधी कार्यसूची मद संख्या 2 के लिए शेयरधारकों/लाभकारी स्वामी के मतदान अधिकार का निर्धारण **03.11.2020** (विनिर्दिष्ट तारीख) को किया जाएगा
2. वह शेयर धारक/हिताधिकारी स्वामी जिनके नाम विनिर्दिष्ट तारीख यानि मंगलवार, **3 नवंबर, 2020** को एनएसडीएल/सीडीएसएल द्वारा शेयरधारक रजिस्टर में शामिल होंगे वे केंद्र सरकार के अतिरिक्त अन्य शेयरधारकों के बीच निदेशकों के चुनाव में भाग लेने यानी नामांकन, प्रतियोगिता और मतदान के अधिकारी होंगे।
3. बैंक के आरटीए, कैमियो कॉर्पोरेट सर्विसेज लिमिटेड ने शेयरधारकों को, जिनके नाम विनिर्दिष्ट तारीख पर बैंक के शेयरधारकों के रजिस्टर में शामिल हैं, को ई–मेल के माध्यम से व्यक्तिगत सूचना भेज दी है।
4. यदि, ई–मेल के माध्यम से ईजीएम सूचना/अन्य सम्प्रेषण प्राप्त करने हेतु शेयरधारकों, भौतिक रूप से शेयर रखने वाले शेयरधारकों, ने अभी तक अपना ई–मेल पता व मोबाइल नंबर नहीं दिया है तो वह बैंक रजिस्ट्रार एवं शेयर ट्रांसफर एजेंट, कैमियो कॉर्पोरेट सर्विसेज लिमिटेड, सुब्रमणियन बिल्डिंग, नंबर 1, क्लब हाउस रोड, चेन्नै – 600 002 के ई–मेल आईडी **investor@cameoindia.com** पर इन्हें उपलब्ध करवाएँ। डीमैट खातों में अपने शेयर रखने वाले धारकों ने यदि उन्होंने अपने ई–मेल आईडी व मोबाईल नंबर का अद्यतन नहीं करवाया है तो उनसे अनुरोध है कि इन्हें अपने डिपाजटॉरी पार्टिसपैन्ट (डीपी) के माध्यम से अद्यतन करवा लें।
5. केंद्रीय सरकार के अतिरिक्त शेयरधारक जोकि बैंक के निदेशक के निर्वाचन में प्रतिभागिता करने के इच्छुक हैं वे अन्य आवश्यक दस्तावेजों / फॉर्म दस्तावेजों के साथ न्यूनतम **100** वैध नामांकन फॉर्मों को एक सीलबंद लिफाफे में महाप्रबंधक – सीएफओ, इंडियन बैंक, कॉर्पोरेट कार्यालय, **254–260,** अव्वै षण्मुगम सालै, रायपेट्टा, चेन्नै – 600 014 को किसी भी कार्यदिवस पर, **13 नवंबर, 2020** तक या उससे पहले अपराह्न **5.00** बजे तक भेज दें। घोषणा व शपथ, नामांकन फॉर्म एवं घोषणा फॉर्म ईजीएम के नोटिस का ही भाग है जोकि बैंक की वेबसाइट **www.indianbank.in** पर उपलब्ध हैं।
6. सेबी (एलओडीआर) के विनियम **44** के अनुसार, ईजीएम नोटिस में पूर्वाह्न **10.00** बजे गुरुवार, **26** नवंबर **2020** से अपराह्न **05.00** बजे, रविवार, **29** नवंबर **2020** तक रखी गई कार्यसूची हेतु बैंक ने शेयरधारकों के ल